Regarding fee and other facilities of NCZCC at Prayagraj

श्री पुष्पेंद्र सरोज **(**कौशाम्बी**) :** अध्यक्ष महोदय, आपने मुझे बोलने का मौका दिया है, इसके लिए मैं आपको धन्यवाद देता हूं । मैं कौशाम्बी से चुन कर आया हूं । मैं सबसे पहले उन लोगों की आवाज रखना चाहता हूं जिनकी आवाज सदन में कम उठाई जाती है । हमारे इंडियन फोक आर्ट फेडरेशन के लोगों और कल्चरल लोगों की आवाज कम उठाई जाती है ।

सर, प्रयागराज में एनसीईजेडसीसी ऑडीटोरियम बहुत समय से रेनोवेट हो रहा है । उनकी तीन प्राथमिकताएं हैं । उनकी तीन छोटी मांगे हैं, जो मैं मिनस्टर ऑफ कल्चर के सामने रखना चाहूंगा । सर, एक मांग यह है कि थोड़ा इंटरवेंशन करके उनका जो रिनोवेशन प्रोसेस है, वह स्पीड-अप करें । क्योंकि वे अपनी बुकिंग नहीं करवा पा रहे हैं और अपनी प्रेक्टिस नहीं कर पा रहे हैं । दूसरी उनकी मांग यह है कि उनकी बुकिंग फीस चार गुणा बढ़ाई जा रही है । यह एक प्राथमिकता है, क्योंकि उन पर जो चार गुणा भार है, वह बहुत ज्यादा है । इसलिए मेरा अनुरोध है कि इसका संज्ञान लेते हुए उस बुकिंग फी को थोड़ा कम करें । उनकी तीसरी मांग यह है कि जो बुकिंग स्लॉट्स हैं, वह चार से छ: घंटे हैं । वे पूरे दिन काम करके आते हैं और शाम का समय उनको प्रेक्टिस करने के लिए मिलता है । माननीय मिनिस्टर ऑफ कल्चर इसका संज्ञान लेते हुए, हमारे जो फोक आर्ट फेडरेशन के लोग हैं और जो कल्चरल लोग हैं, उनका संरक्षण करते हुए इन तीन प्राथमिकताओं पर काम करें । धन्यवाद ।